

मुख्य संरक्षक:
डॉ. एस.एल. थाउसेन
भा.पु.से. महानिदेशक

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्ष:
श्री राजेश खुराना, भा.पु.से.
महानिरीक्षक (आसूचना)

सदस्य:
डॉ. रफ़िउल आलम लश्कर, भा.पु.से.
पुलिस उप महानिरीक्षक (आसूचना)
श्री डी॰टी॰ बनर्जी, उप महानिरीक्षक
श्री हर्षवर्धन, कमाण्डेंट
श्री शम्भू कुमार, कमाण्डेंट
श्री पाल सिंह सिवाल, कमाण्डेंट

मुख्य संपादक :
श्री प्रवीण त्रिपाठी, उप. कमा.
(जन संपर्क अधिकारी)

संपादक :
श्री परवेज़ आलम, सहा. कमा. (रा.भा.)

संपादकीय सहायता :
जितेन्द्र कुमार (उ.नि./आशुलिपिक)
राजेश कुमार (स.उ.नि./मं.)

चित्र:
जन संपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय
और सी.आर.पी.एफ. बटालियनें

संपादकीय कार्यालय:
महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
ब्लाक–1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दूरभाष: 24360649

इस अंक में

REPORTS

2 Central Reserve Police Force Celebrated the 9th International Day of Yoga-2023 with Full Enthusiasm

4 Celebrating the Raising Day of CWA: A Walkathon for Environment protection from India Gate to NPM

आर्टिकल

6 STALWARTS
Crown Representative Police
Sh. Kuldip Singh Commandant (Retired 1993)

10 पर्यावरण के लिए जीवन शैली
राकेश कुमार गंगेले, सहायक कमाण्डेंट

13 जड़ों का सामाजिक संदेश
प्रशान्त कुमार राय, सहायक कमाण्डेंट

15 हमारे जीवन में योग का महत्व
उप निरीक्षक, कृष्णा कुमार

17 जीवन को बदलने वाली सड़क दुर्घटनाएँ
हव./मंत्रा., प्रभात कुमार झा

20 ''अन्तिम पग''
भूप किशोर शर्मा, द्वि.क.अधिकारी

21 हम के.रि.पु के वीर जियाले हैं
राम बिलास गुप्ता, कमाण्डेंट

22 ''सेवा दल केरिपुबल''
उनि/जी.डी., डी. घोष

''खाकी''
सउनि/आशुलिपिक, प्रेम जांगिड

झलकियाँ

23 महानिदेशालय के कार्यक्रम

24 विविध कार्यक्रम

NEWS

25 Achievements

MEDALS & ACCOLADES

36 DG's Commendation Disc and Certificate

सीआरपीएफ समाचार एक द्विमासिक पत्रिका है। इसमें प्रकाशित किये जाने वाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं। विभाग की नीति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। - **मुख्य संपादक**

महानिदेशक सी.आर.पी.एफ. की ओर से मुद्रित और प्रकाशित:
राज कंप्यूटर ग्राफिक्स,
मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली
दूरभाष: 9958119220



Central Reserve Police Force Celebrated the 9th International Day of Yoga-2023 with Full Enthusiasm

The 9th International Day of Yoga-2023 was observed on 21st June 2023 with tremendous enthusiasm and vigour by all formations of the CRPF. Central Reserve Police Force (CRPF) embraced the theme **"Yoga for Vasudhaiva Kutumbakam"** and in tune with this, organized a magnificent Yoga demonstration at the SDG Camp, Old JNU Campus, Delhi creating an ambience of tranquility and inner piece.

Alongside senior officers, the rank and file of the force and their families, Dr. S.L. Thaosen, DG, CRPF took part in the Yoga session. They performed the Yoga asanas, pranayam, and meditation exercises which brought instant relaxation and fostered motivation, focus, and overall well-being.

Dr. S.L.Thaosen, DG CRPF, a staunch advocate for promotion of fitness within the force, has repeatedly highlighted the exceptional benefits of Yoga in enhancing physical health, mental acumen, and spiritual growth. As an ardent votary of Yoga, he has consistently encouraged the integration of Yoga in the lifestyle of CRPF personnel and their families.

Recognizing the extensive advantages of Yoga in achieving balance and harmony in life, the Central Reserve Police Force remains committed to promoting Yoga at all levels within the organization. Furthermore, the force has always encouraged its personnel to embrace Yoga as part of their families' lifestyle, emphasizing their contribution to the unity of the nation.

The successful celebration of the 9th International Day of Yoga-2023 by the Central Reserve Police Force serves as a testament to its dedication to the holistic wellbeing of the personnel and its commitment to the noble cause of promoting Yoga.





Celebrating the Raising Day of CWA:

A Walkathon for Environment protection from India Gate to NPM

In pursuance of the vision, aim, and objectives of Mission I LiFE: Lifestyle for Environment, CRPF Family Welfare Association (CWA) celebrated its raising day on 18th June, 2023 by organizing a 4 Km walkathon in New Delhi from India Gate to the National Police Memorial (NPM).

Dr. Ajita Thaosen, President CWA graced the event with her august presence and flagged off the walkathon in presence of Smt. Rashmi Shukla, IPS, DG SSB, Smt. Smita Agrawal, President BWWA, and CEC members of CWA. After arrival of the walkathon at NPM, she paid homage to the brave heroes of the force in a solemn ceremony by laying a wreath at the cenotaph of NPM remembering with deep gratitude their supreme sacrifice made at the alter of duty. While delivering the vote of thanks, Smt. Bharti Sharma, Honorary Secretary, CWA, thanked all the participants and media for their wholehearted participation in the event and for making it a grand success.

More than 150 women comprising of wives of all rank and file of CRPF enthusiastically participated in this event, making it a tremendous success while spreading awareness about the importance of conservation of environment and the indispensable role of each individual in its preservation and protection. Such events will surely mobilize and motivate people to turn themselves into “Pro-Planet People” as envisaged in “Mission LiFE: Lifestyle for Environment”.

CWA is steadfastly dedicated to all the welfare aspects of the families of serving personnel as well as of those brave personnel who had laid down their lives in the service of the nation. Following are special welfare oriented projects of CWA.



1. **CRPF Shaheed Fund CWA:** Financial assistance is being provided to the NOKs/wards of CRPF personnel killed in action/ normal death, for education, health, skill development, aid to differently abled children etc.

2. **Muskaan- The Smile Scheme:-** Wheel chairs are being provided to the differently abled children through the interest generated

3. **Sparsh- The mothers' Touch Scheme:** Financial assistance @ Rs. 2000/- only to each new born girl child of CRPF personnel (Residing in CRPF Campus) & maximum up to 02 girl child per personnel is being provided.

4. **CWA Sports Scholarship Scheme:** Financial assistance of Rs. 25,000/- only is being provided to each achiever/ participant at International level and Rs. 15,000/- to each achiever (Gold/Silver/ Bronze medal winner) at national level to the wards of CRPF serving/retired/ martyr deceased personnel and financial assistance is also being provided to the wards of CRPF serving/retired/ martyr deceased personnel for the preparation to participate in International level sports events.

5. **Wellness Education Eco – System:** Financial Assistance to Group Centres/Institutes for organising wellness education classes/ courses or training for wellbeing and eradicating stress /anxiety among officers/ jawans and their family members through Ayush, Naturopathy, Art of living etc. Through the scheme, financial assistance is also being provided for organising various coachings, career counselling, smart classes and courses for a group of students of CRPF serving/retired/ martyrs deceased personnel.

6. **Jindal Steel Works CSR Project (JSW):** JSW company, in collaboration with CRPF, gives opportunity to NOKs and wards of martyrs/ deceased/serving personnel to undertake free of cost job oriented courses organised by USHA Company at various Regional CWA centres of country.



Sh. Kuldip Singh
Commandant (Retired 1993)



OLD STALWARTS

STALWARTS
Crown Representative Police

Crown Representative Police was a posthumous product of 4/2 Punjab Regiment, an infantry unit of Indian Army. The unit was deployed in Nowshera (now, in Pakistan), an army cantonment. Composition of the unit was 1/3rd in equal proportion of Muslims, Sikhs and Dogras.

Eid is a cardinal religious festival of great significance and fervour for Muslims. Holiday for Eid was refused by the Commanding Officer (Britisher) due to operational exigencies. Sub-Major of the unit was also a Muslim, he pleaded with C.O. but to no effect. It caused inconsolable heart burning with serious repercussion to follow. All British Officers were killed by Muslims.

Thus unit was disbanded, however Sikhs and Dogras were inducted and amalgamated into Crown Representative Police which was raised at Neemuch on 27 July' 1939.

Crown Representative Police was rechristened as Central Reserve Police Force during 1949, this insignia continues till today.

Shri B.B. Mishra, I.P., Ex D.G., CRPF, was godfather of the force. He valued the following persons as real stalwarts of force, they laid strong foundation, Gargantuan growth of force is attributed to their solid contribution.

Few of them are narrated here, these are selective not comprehensive details.

Sardar Bhagat Singh :-

He was numerouno Sub Maj of Crown Representative Police. He was held in high esteem by British officers. He was allotted a bungalow, official residence of Sub-Maj. My father late Sub-Maj Banta Singh was the last one to stay in this bungalow. Sub-Maj was a bridge between officers and men. It used to be an institution in itself.

His character and integrity was innate force to get things done. He was a role model for others. He was a strict disciplinarian with vice like grip over subordinates. He had adroit operational experience coupled with administrative acumen. Discipline, training, loyalty and integrity were the hallmark of those days. They cared for their honour rather than materialistic gains. JCO's till 1949, then SOs were the backbone of the force. They used to feel proud to accomplish the task successfully assigned to them. He was conferred the title of "SARDAR" by Britishers. He had unyielding leadership qualities. He ensured dovetail administrative arrangements. There was no hiatus in command strucuture, he was the unifying force.

Sardar Sahib Chanan Singh-

He was Sub-Maj in Crown Representative Police. He had towering personality. During 1941 one Coy of CRP under his command wasdeputed-to-crush-dacoitymenace in Balasinor, erstwhile state. Dreaded dacoits had free run to plunder and terrorise locals. He displayed awesome and dynamic leadership during crisis. His courage and fortitude to tackle this unprecedented in iquitous situation was highly commended. He was personally leading the patrolling, day in and day out, with troops to eliminate dacoits.


Thus the metamorphic problem was successfully controlled and crushed. It was an impulsive exertion of CRP.

In a royal recognition he was crowned with British emblem in his turban, a rarest of the rare distinction of honour. He was conferred the official title of "SARDAR-SAHIB". Resultantly, he was appointed as Supdt. of Police Balasinor due to his gutsy valour and amalgam of skills in leadership from the rank of Sub-Maj in CRP.

Shri Wariam Singh :-

He joined 4/2nd Punjab Regiment during 1914 as a recruit at a tender age of 16 years. His hard work, loyalty and integrity paid dividends. He was granted Viceroy Commission during 1932. On its disbandment, he joined Crown Representative Police as Jemadar. He was promoted as Subedar during 1943 and deployed at Khairpur to Combat "HUR" operation. He was granted comm-endatory note by I.G.P., Khairpur State for arresting a notorious ultraist 'HUR' with a gun.

During 1949 he was promoted as Sub Maj and awarded Indian Police Medal for his administrative and operational acumen. Then he was deployed in Kutch province during 1949. He launched successful operation with skill, courage and determination of high order against dacoits. He was granted Indian Police Medal for Gallantry to eliminate dacoits in Khawada (Kutch) Distt.



Sh. Waryam Singh paying compliments to Dr. Rajendra Prasad

A tiger in barren and deserted area (Rann of Kutch) caused panic, locals were terribly scared. It caused extensive damage to life and property of civilians. CRPF under his command killed the tiger. Public was greatly relieved and expressed gratitude to CRPF for their chivalrous act.

He was granted local rank of Dy. SP. During 1951 he was Dett. Comdr of CRPF deployed to control the vacillating situation at Hyderabad. CRPF performed duties with resolute determination. Thus the post annexation state was smooth and final.

He paid salutation to Shri V.P. Menon, the then Secretary of States at Hyderabad. He paid compliments to Dr. Rajender Parsad the then-President of India.


He had an illustrious career. He was the first Sub-Maj who was paid Rs. 50/-" (Special Pay) of Sub-Maj in pension. Later it ceased to exist. He was also the last Sub-Maj to bear local rank of Dy. SP. He retired in 1953.

Shri Banta Singh :-

He joined 4/2 Punjab Regiment' as recruit during 1921. By dint of his unswerving devotion, dedication to duty coupled with remarkable rectitude of integrity he was granted "Viceroy Commission" during 1935.



Sh. Waryam Singh presents salutation to Sh. V.P. Menon the then secretary of states



Sh. Banta Singh

He joined Crown Representative Police on 27th July 1939 as Jemadar on its raising day at Neemuch. Major J.F. Peart founder Commandant had special liking for him.

During 1941, a detachment of 45 men under his command was deputed at Mount Abu. The onus of responsibility was entrusted for high security guard duties at Residency and other sensitive areas. Duties were performed flawlessly to the utter satisfaction of local authorities.

KHAIRPUR- It was an acid test and a milestone in the gallant and glorious history of CRP. Hur menace in Khairpur State of Sindh, now in Pakistan, was of delirious fury during 1942-43. CRP was deployed to tackle this unprecedented and alarming agitation. Extensive patrolling, day in and day out, on camel backs was distinctive feature of excellence, to curb, control and crush the insurrection. Shri Banta Singh was spear-heading the operation on camel back for days together on dry ration (packed) showing utter disregard for his life and limb. Those were the fiercest operations of that time. Pir Pagaru, head of Hur religious sect declared himself as self styled ruler of the Hurs. He defied the British Empire. He amassed enormous wealth through coercive collection. He had factories to manufacture illicit weaponry. The then IGP Khairpur State, who launched offensive operation against Pir Pagaru was assassinated by fanatic Hurs. Thus martial law was imposed in Sindh Province, IGP's mutilated body was retrieved by dare devil action of CRP in conjunction with Army. During search and combing operations CRP recovered large amount of weaponry, currency, gold and other priceless valuables.

He was promoted as Subedar during 1946, promotion prospects in those days were a real pyramid and very bleak.

JUNAGADH:- During 1947 Shri Banta Singh was deployed at Junagadh (now in Gujarat), which was a turbulent state. The ruler of the State had the inclination of annexation towards Pakistan. The complexity and complicity of post independence era was highly volatile in that state. It was a knotty problem. He commanded the company due to shortage of officers. He accomplished the assigned task with zeal and mission. The troops performed the duties of arduous and audacious nature relentlessly. Thus the nefarious designs of ultra elements fizzled out and situation was brought under normal control. It was thus smooth annexation of the state with union of India.



Sh. Banta Singh received CRP color from Sardar Vallabhbhai Patel



Sh Banta Singh spearheading operates against Hurs 1942 _43 of delirious nature

He had a towering personality. Thus he was specially picked up to receive the CRPF color from Sardar Vallabh Bhai Patel, the then Union Home Minister and Deputy Prime Minister on 19th March 1950.

GADRA ROAD-1950:- Army resources were dwindled due to bifurcation of country. Thus there was no Army deployment on extensive borders with Pakistan. The local Rulers police was inept and defunct, later on merged into Rajasthan police.

CRPF was deployed to effectively deal with smuggling trans border crime cattle lifting and border crossing, by locals. Shri Banta Singh was the post commander at Gadra Road. Long range patrolling were carried out in dreary sand dunes. Occasionally troops from both sides would meet and exchange pleasantries. There was no animosity. None the less it did not dampen the spirit of CRPF to accomplish the task assigned with efficiency and efficacy.

MADHYA PRADESH - During 1954, Subedar Banta Singh was deployed for anti- dacoity operations at Nowgong, Chhatarpur, Malhera in Madhya Pradesh. There also he commanded company intermittently. These were the fiercest operations launched in conjunction with state police. The troops camped in riverine area, dense and impregnable jungle, under hostile conditions which were health hazards also. They carried out operations for days together on self sufficiency. The constructive and result oriented role played by CRPF for anti dacoity operations with audacity was highly commended by state administration.

During 1954 Subedar Major Banta Singh presented Guard of Honour to Shri Jawaharlal Nehru the then-Prime Minister of India at Neemuch. He was promoted as Subedar-Major.

BOMBAY :- During 1956 Sub Major Banta Singh was deployed at Bombay under the command of Shri G.W. Khot, I.P. to control the agitation of high intensity. It turned out to be linguistic in nature subsequently. To deal with public of such agitation was quite delicate and sensitive. Gujarat government and its people, wanted Bombay to be part of their state. But the Maharashtra govt. and its people would not cede. It was too broad a demographic population problem. The tempers were running very high on both the sides. Shri G.W. Khot, I.P. had the intrinsic knowledge and versatile experience of Bombay affairs being from Maharashtra cadre. CRPF exhibited resolute authority, utmost vigilance, intensive and extensive patrolling which had the snow-balling effect. Situation was controlled and brought to normalcy within a reasonable period of time. It was the result of non-vacillating performance by CRPF. Shri G.W. Khot, I.P. developed a special liking for Subedar Major Banta Singh for his tireless efforts and result oriented duties under the given milieu of circumstances.



Sh. Banta Singh presenting guard of honour to Sh. Jawaharlal Nehru

During 1956 he was allotted to 3rd Bn as Subedar-Major under raising at Neemuch. Lt. Col Rattan Singh, Commandant had great faith in him for his fairness, impartiality and sedulous duties. He retired during 1958.

He was popularly known as "Patel Sahib" amongst his colleagues and subordinates. He was strict disciplinarian so far as duties were concerned. Otherwise he mixed up with men freely cared for their food, welfare, leave etc. with gentle and humane approach. He used to play football and hockey with them.

I don't have much details of following persons who also played a pivotal role:-

a) Shri Surat Singh, Ex. S.M.

b) Shri Amar Singh, Ex. S.M.

c) Shri Partap Singh, Ex. S.M.

d) Shri Durga Dass, Ex-Subedar.

Gazetted Officers were dead honest, during that period SOs were the backbone of the Force. They used to feel proud and privileged to accomplish the task assigned to them even at very high risk to their life. They had sense of belongingness to the force,

CRPF was popularly known as "Nehru Ki Fauj" in those days. Blue serge Jackets called Jawahar Jackets were issued to other ranks as part of mufti dress.

Success rate of force was extremely high under trying and traumatic conditions, facing adversities and hostile situation in those days.

CRPF is a glorious, gallant vibrant and résilient police force. Thus the myth of CRPF conjured an image of doing dangerously disillusioned duties successfully.

We should keep the flag of the force flying high in the sky.



राकेश कुमार गंगेले, सहा.कमां.(मंत्रा)
ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)

पर्यावरण के लिए जीवन शैली

स्वस्थ जीवन शैली एक अच्छे जीवन की नींव है, जो कि एक अभिप्राय है जीवन को स्वच्छ व सुदृढ़ बनाने के लिए।

पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है,

परि + आवरण

परि का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है घेरे हुए।

पृथ्वी परितो व्याप्य तामाच्छाध स्थितं च यत्
जगदाधाररूपेण, पर्यावरणमुच्यते।।

अर्थात् जो संसार के आधार स्वरूप पृथ्वी के चारों ओर परिव्याप्त है तथा उसे आच्छादित करके स्थित है, वह पर्यावरण कहलाता है।

इस प्रकार जो आवरण हमें चारों तरफ से घेरे हुए है, वही पर्यावरण है। यह हमारी प्रकृति द्वारा हमें विरासत में दिया गया है, जो कि हमारे जीवन को सुरक्षा कवच देता है। हमेशा से हम मानव का अस्तित्व प्रकृति प्रदत्त वनस्पति तथा जीव–जंतुओं के ऊपर रहा है तथा भविष्य में भी रहेगा। ज्ञातव्य हो कि, जीवन तथा पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। हमारा तन, मन, शक्ति, सामर्थ्य सभी पर्यावरण से ही नियंत्रित होते हैं। समस्त पर्यावरण भूमि, वन, पर्वतों, झरने, मरूस्थल, मैदानों, घास, रंग–विरंगे जलचर, वनचर, नभचर से तथा जल से भरी नदियां, समुद्र, झीलों, सरोवरों से तथा जल से भरा पड़ा है। हमारे सौर मंडल में विरक्त सभी ग्रहों में मात्र पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जहाँ पर जीवन संभव है यह मात्र पृथ्वी के सुदृढ़ पर्यावरण के कारण ही जीवन के आधार को संभव बनाता है।

पृथ्वी परितो व्याप्य तामाच्छाध स्थितं च यत्
जगदाधाररूपेण, पर्यावरणमुच्यते।।

अर्थात् जो संसार के आधार स्वरूप पृथ्वी के चारों ओर परिव्याप्त है तथा उसे आच्छादित करके स्थित है, वह पर्यावरण कहलाता है।

पर्यावरण के प्रकार :-

पर्यावरण के मूलतः दो प्रकार हैं:–

(क) प्राकृतिक पर्यावरण:-

वे संसाधन जो हमें प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं, जिसमें मनुष्य की कोई सहभागिता नहीं है, जैसे कि, नदी, पर्वत, जंगल, गुफाएं, मरूस्थल, समुद्र इत्यादि। इनसे हमें खनिज, पेट्रोलियम, लकडियां, फल–फूल, अन्न, जल, औषधियां, प्राण दायिनी हवा, जिसके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। ये सभी प्राकृतिक पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं।

(ख) मानव निर्मित पर्यावरणः-

मनुष्य ने अपने जीवन को सहजता से यापन करने तथा और अधिक विकसित करने के लिए तथा प्रगतिमय बनाने के लिए अपने विवेक से संसाधन, जैसे कि तालाब, कुएं, खेत आदि का सृजन किया है। सभ्यताओं का विकास होता गया और मनुष्य अपने जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाते गया और इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने लगा और अपने द्वारा निर्मित पर्यावरण से पृथ्वी का कोना–कोना प्रभावित होने लगा तथा जल, थल, वायु में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया, जोकि मानव जीवन के लिए लाभकारी तो हुआ मगर प्राकृतिक पर्यावरण के लिए हानिकारक होता गया।

मानव जीवन के लिए पर्यावरण की लौकिकताः-

चाहे वह प्रकृति वनज हो, जलज हो कुछ भी हो, मानव ने अपने सामाजिक अनुराग की महत्ता को देखते हुए पर्यावरण को अपने आलौकिक शुभ अवसरों में शामिल कर लिया, जिसे हमारे द्वारा शुभ माना जाने लगा। इसके अलावा लौकिकता में तुलसी, पीपल, नीम, वट वृक्षों को एक अलग दर्जा दिया। आदि मानव व ऋषि–मुनियों की खोजों के कारण हमें वनस्पतियों, कंद मूल फलों तथा अनाजों–तिलहनों का महत्व पता लगा जो हमारे लिए जीवन का पर्याय बन गए। आज भी मानव का जीवन पूरी तरह से पर्यावरण पर ही टिका हुआ है, जिसके बिना जीवन संभव नहीं है।

पर्यावरण असंतुलनः-

कहा गया है कि **अति सर्वत्र वर्जते।**

प्रकृति संतुलित है इसलिए पृथ्वी पर जीवन है, किंतु समय के साथ हमारे पर्यावरण का संतुलन बहुत ही द्रुत गति से बिगड़ता जा रहा है, क्योंकि प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का हम अपनी लोलुपता के कारण विवेक हीनता पूर्वक दुरुपयोग किए जा रहे हैं, जिससे सारा प्राकृतिक तंत्र अस्त–व्यस्त हो रहा है। प्रकृति का अनाचारित दोहन होने के कारण हमारा जीवन दुर्लभ होते जा रहा है। वैज्ञानिक अविष्कारों, उद्योग–धंधों का विकास, फैलाव, जनसंख्या का भयावह विस्फोट जो हमारे पर्यावरण के असंतुलन का मुख्य कारण हैं, जिन्हें संतुलित करने के लिए हमें विचार करते हुए द्रुत कार्रवाई करनी होगी अन्यथा हम इस दूषिता के कारणों से काल के गाल में असमय ही समाते जाएंगे।

पर्यावरण संरक्षणः-

पर्यावरण के संरक्षण का मुद्दा कोई नया नहीं है यह वर्षों से पर्यावरण विदों द्वारा संरक्षण आंदोलन चलाए जा रहे हैं:–

1. **विश्नोई आंदोलन :-** यह प्रकृति पूजकों द्वारा 1730 में राजस्थान के खेजड़ली गांव के 363 महिला–पुरुषों द्वारा पेड़ों की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया गया।

2. **चिपको आंदोलन :-** उत्तराखंड के चमोली के वन विभाग के ठेकेदारों द्वारा की जा रही वनों की कटाई रोकने के लिए उनके खिलाफ सुंदर लाल बहुगुणा की अगुआई में लोगों ने पेड़ों से चिपककर अपना विरोध जताया था।

3. **साईलेंट वैली :-** केरल की शांति वैली में 1980 में कुंतीपुंझा नदी पर 200 मेगावाट बिजली उत्पाद हेतु बांध का प्रस्ताव दिया गया, जिसमें वहां की विशिष्ट पेड–पौधों की प्रजातियां नष्ट हो गई। अंत में जब पर्यावरणविदों ने इसका विरोध दर्ज कराया तो 1985 में केरल सरकार ने इसे आरक्षित वन घोषित कर दिया।

4. **जंगल बचाओ आंदोलन :-** 1980 में यह आंदोलन बिहार में चलाया गया। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवाहा के जंगलों में खनिज खुदाई के लिए जंगलों को नष्ट होने से बचाने के लिए छतरपुर (मप्र) में अनवरत विरोध दर्ज कराए जा रहे हैं।

प्रदूषण एवं रोकथाम :-

चूंकि पर्यावरण से मनुष्यों के द्वारा छेड़–छाड़ की पराकाष्ठा पार हो चुकी है इसलिए प्रकृति में उपलब्ध जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे जीवन पर सीधे असर कर रहे हैं, इसकी रोकथाम के लिए हमें निम्न उपाय करने होंगे अन्यथा बहुत देर हो जाएगीः–

1. इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना होगा।
2. चूल्हे की जगह एलपीजी गैस का उपयोग बढ़ाना होगा।
3. पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक उपयोग करना होगा।
4. रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के उपयोग को नियंत्रित करना होगा।
5. उद्योगों को आवसीय क्षेत्रों से दूर सुव्यवस्थित तरीके से स्थापित करना होगा।
6. पुरानी मशीनों का उपयोग नियंत्रित करना होगा।
7. हॉर्न का न्यूनतम उपयोग करना होगा।
8. रेल पटरियों, सड़कों इत्यादि में सुधार करना होगा।
9. नई पीढ़ी को इन सभी जानकारियों से शिक्षित करना होगा।
10. इसके अतिरिक्त जन जागरण अभियान चलाना होगा।
11. अपने क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाना होगा।
12. घरों में टैरिस गार्डनों का बनाया जाना।
13. घरों के चारों तरफ नीम, तुलसी, गिलोय, पिपरमेंट, करी पत्ता, अश्वगंधा इत्यादि के वृक्षों/पौधों का रोपण अधिक–से–अधिक करना होगा।
14. नित्य प्रतिदिन व्यायाम करना होगा।
15. सुदर्शन क्रिया के माध्यम से श्वास को स्वच्छ व स्वस्थ रखना होगा।
16. ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को घटा कर ओजोन की रक्षा करनी होगी।
17. ग्रामीण स्तर तक चौपालों का आयोजन करना होगा।

अंततः :-

हर साल 5 जून को वैश्विक स्तर पर पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका आरंभ 1972 में स्टाकहोम संयुक्त राष्ट्र महासभा सम्मेलन में निर्णय लिया गया था।

मानव आवश्यकताओं के कारण पर्यावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है। इसके अनंत रूप हैं जैसे ओजोन क्षरण, वनों की कटाई, अम्ल वर्षा, वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों की अधिकता, भूमि का क्षरण, अत्यधिक मौसम का बदलाव, प्राकृतिक आपदाएं मानव लोलुपता में प्रकृति के साथ छेड़–छाड़ व प्रकृति का असीमित दोहन। इनके कारणों से प्राकृतिक संसाधन निरंतर भयावह रूप से घटते जा रहे है, इन समस्याओं से निजात पाने के लिए समाज के सभी स्तरों तथा तबकों में पर्यावरण संबंधी जागरूकता अति अनिवार्य है। इसमें सभी प्रकार के वैज्ञानिकों, राजनीतिज्ञों, नियोजकों तथा आमजनों को अपने मन भेद मिटा कर एक पटल पर एक जुट हो काम करना होगा, जिसमें इसकी सभी परिधियों को सुदृढ़ किए जाने की अनिवार्यता है। यदि हमने समय पर सटीक व फलित कार्रवाई नहीं की तो समझो पर्यावरण की रुष्ठता की दावानल हमें झेलनी पड़ेगी। कोविड–19 का जनसंहारित ज्वलंत उदाहरण हमारे सामने है जिसकी ज्वाला अभी भी अभिमंत्रित होकर हमारे चारों ओर प्रज्ज्वलित है।

इसलिए चेतो, स्वस्थ रहो, मस्त रहो तथा अपनी जीवन शैली को पर्यावरण के अनुरूप ढालो और प्रकृति प्रदत्त पर्यावरण का मजबूत आवरण तैयार कर आनंदित रहो और जीवन की रक्षा करो।


जय हिंद।



जड़ों का सामाजिक संदेश

प्रशान्त कुमार राय, सहा.कमां.
आर.टी.सी. के.रि.पु.बल, लातूर (महा)

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सेवा के दौरान मेरी तैनाती लगभग 7 वर्ष छत्तीसगढ़ के जंगलो में रही। इस दौरान नक्सल समस्या की चुनौती का सामना करना पडा। किंतु इस तैनाती का एक सकारात्मक पक्ष यह रहा कि मुझे प्रकृति एवं वृक्षों को नजदीक से समझने का मौका मिला। लंबी डयूटी के दौरान जंगल में वृक्ष ही हमारे साथी थे, जो छाया देकर हमारी थकान को दूर करने का प्रयास करते हैं। इस साथ से यह प्रतीत हुआ कि वृक्ष न केवल ऑक्सीजन, फल, लकडी इत्यादि देते हैं, बल्कि मानव को सामाजिक संदेश भी देते हैं। इस संदर्भ में वृक्ष की जडों का संदेश महत्वपूर्ण है।



जड़ वृक्ष का महत्वपूर्ण भाग हैं। वृक्ष के जीवन, प्रगति व सुरक्षा में इनका सबसे अधिक महत्व है। जहाँ यह वृक्ष

को आधार से जोड़ता है, वहीं वृक्ष को आहार भी प्रदान करता है। प्रायः यह देखा जाता है कि वही वृक्ष ऊंचाई पर जाता है, जिसकी जड़ें जितनी गहरी होती हैं।

जड़ न केवल वृक्ष को आधार देती है, बल्कि समाज को एक आदर्श सामाजिक जीवन का संकेत देती है। आज का युग नगरीकरण, एकल परिवार व स्वार्थ से परिपूर्ण है। प्रायः यह कहा जाता है कि आज का मनुष्य 'अपनी जड़ों से कट' गया है। ग्राम व परिवार तो छोड़िये उसके बगल में कौन है? यह भी आज के युग के मानव जाति को नहीं पता रहता है। लोग आत्मकेंद्रित हो रहे हैं। किन्तु व्यक्ति एक वृक्ष की तरह है तथा सामाजिक सम्बन्ध उसकी जड़ें हैं जो उसकी उन्नति व संतुष्टि का आधार हैं। जिस प्रकार जड़ से कटा वृक्ष निर्जीव हो जाता है। वह फर्नीचर बनकर घर की शोभा तो बढ़ा सकता है किन्तु प्राणदायी ऑक्सीजन नहीं प्रदान कर सकता। उसी प्रकार अपनी जड़ों व समाज से कटा व्यक्ति समाज की उन्नति में कोई योगदान नहीं दे जाता। चूँकि व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है, अतः जीवन के हर संघर्ष में समाज के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। उस समय समाज भी जड़ों से कटे निर्जीव व्यक्ति का साथ नहीं देता व व्यक्ति अंतःसंघर्ष व आत्मनिर्वासन की स्थिति में चला जाता है।

वृक्ष की जड़ें न केवल सामाजिक बनने का संदेश देती है, अपितु जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम को भी प्रोत्साहित करती है। बड़े पहाड़ों पर जब वृक्ष उगता है तो उसको मजबूत करने के लिए जड़ो को बहुत संघर्ष करना पड़ता है। इसका कारण यह है कि कठोर पहाड़ जड़ों को विकसित होने से रोकता है। फिर भी जड़े लगातार व कठिन परिश्रम से पहाड़ में भी रास्ता बना लेती है तथा गहराई तक जाकर वृक्ष को ऊँचाई प्रदान करने में सहायता करती है। इसी प्रकार जब मनुष्य किसी रुढ़िवादी समाज रूपी पहाड़ में कोई आधुनिकता रूपी जड़ की स्थापना करना चाहता है तो यह कठोर रुढ़िवादी समाज मजबूती से आधुनिकता का विरोध करता है तथा आधुनिकता के विकास को रोकना चाहता है। फिर भी यदि मनुष्य लगातार संघर्षरत व प्रयत्नशील रहे तो रुढ़िवादी समाज रूपी आधार में आधुनिकता रूपी जड़ों के लिए जगह बना सकता है। राजाराममोहन राय, महात्मा गाँधी, ज्योतिबा फुले, भीमराव अम्बेडकर आदि समाज सुधारक इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

वृक्ष की जड़ें हमेशा जमींन के अन्दर रहती हैं जो वृक्ष के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। अगर जड़ें न रहें तो वृक्ष का अस्तित्व अपने आप समाप्त हो जाता है। यह बात समाज में उन महान व्यक्तियों के महत्व को सूचित करती है जो स्वंय कभी प्रकाश में न आकर देश व समाज के लिए सकारात्मक कार्य करते रहते हैं। उदाहरण स्वरुप बच्चे के विकास में दादा, दादी व गुरु की भूमिका, जो जड़ों की तरह बिना प्रकाश में आये बच्चे रूपी तने को मजबूत बनाते हैं। वृक्ष की जड़ों का ये सामाजिक संदेश, हमें यही बताता है कि बिना दिखावा किए सक्रिय समाज के विकास में योगदान दिया जा सकता है।

अतः वृक्ष की जड़ों की तरह समाज में गहराई से जुड़ें। स्वार्थ केन्द्रित संबंधों की जगह आत्मीयता व परार्थ केन्द्रित संबंधों को महत्व दें। परिवार, ग्राम तथा पड़ोस के सुख दुख के सहभागी बनें, तभी आप सामाजिक रूप से मजबूत होंगे तथा जीवन में आत्मसंतुष्टि व आनंद की प्राप्ति कर सकेंगे। वृक्ष की जड़ हमें यही सामाजिक संदेश प्रदान करती है।



उप निरीक्षक, कृष्णा कुमार
महानिदेशालय, केरिपुबल

हमारे जीवन में योग का महत्व

योग न सिर्फ लोगों को बीमार होने से बचाता है बल्कि वह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर उनमें सकारात्मक ऊर्जा भरने का कार्य भी करता है। आज के मशीनी युग में मानव का जीवन यंत्रवत हो गया है तथा उनके सारे कार्य मशीनों से सम्पन्न होने लगे हैं। इस तरह के माहौल में स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। हमारे जीवन में तनाव, आलस व बीमारी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, भले ही विज्ञान की उन्नति ने हमें वो सभी सुख–सुविधा प्रदान कर दी है, जिससे हमारा जीवन आसानी से व्यतीत हो जाए।

मानव ने मलेरिया, कैंसर जैसे असाध्य बीमारियों के लिए दवाइयों की खोज कर ली मगर अभी तक मानसिक शांति के लिए उनके पास भी कोई जवाब नहीं है। मगर भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति ने विश्व के लोगों को न सिर्फ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में युक्तियाँ प्रदान की है, बल्कि मन की शांति के लिए भी एक आशा की किरण प्रदान की है।

वह योग ही है जिसके माध्यम से तनाव, बीमारी, थकान व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पूर्णतः छुटकारा पाया जा सकता है। योग मन की शांति प्राप्त करने का सबसे युक्तिसंगत तरीका है।

योग का इतिहास ::

1950 के आसपास योग, भारतीय उप महाद्वीप से निकल कर पश्चिम के देशों तक पहुँचा जहाँ उनके द्वारा कई बार इस पर वैज्ञानिक शोध व परीक्षण किए गए। उन शोधों के नतीजों ने भारतीय योग शिक्षकों के दावे पर मुहर लगा दी। आज के युग में योग मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस कारण इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है।

योग का शाब्दिक अर्थ व परिभाषा ::

योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत की यज्ञ धातु से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है ''जोड़ना या संबंधित करना''। यदि योग को परिभाषित किया जाए तो यह उस विद्या का नाम है, जिससे शरीर व आत्मा का मिलन अर्थात योग होता है।

भारत में आज से पाँच हजार वर्ष पूर्व योग का जन्म माना जाता है। इसके बारे में पहला प्रामाणिक ग्रंथ पतंजलि द्वारा 'योगसूत्र' 200 ईसा पूर्व लिखा गया था।

प्राचीन भारत में रही गुरू शिष्य परंपरा के चलते यह पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ता रहा और आज भी जीवित है। इस विधा से आज करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं, जिसका श्रेय भारतीय योग गुरूओं को दिया जाना न्यायसंगत है।

योग के प्रकार ::

महर्षि पतंजलि द्वारा लिखे गये योगसूत्र में पाँच प्रकार के योग का वर्णन किया गया है, जिनमें हठ योग, कर्म योग, ध्यान योग, भक्ति योग व ज्ञान योग का उल्लेख किया गया है।

ज्ञान का मस्तिष्क से, भक्ति का आत्मा से, ध्यान का मन से तथा कर्म योग का संबंध कार्यों से माना गया है। साथ ही योग में आठ अंगों का विधान भी किया गया है, जो इस प्रकार हैः–

1. **यम :** हिंसा न करना (वाणी से, विचारों से और कर्मों से किसी भी जीव जगत को हानि नहीं पहुँचाना), सत्य बोलना(मन, वचन और कर्म से सत्यता का पालन करना), चोरी न करना, ब्रह्मचर्य व धन इकट्ठा न करने की शिक्षा।
2. **नियम :** स्वयं अध्ययन, संतोषी स्वभाव, तपस्या, शारीरिक व मानसिक पवित्र आचरण तथा आस्था को नियम में रखा गया है।
3. **आसन :** महर्षि पतंजलि योगदर्शन में आसन के विषय में बताते हुए कहते हैं कि शरीर की जिस स्थिति में रहते हुए सुख का अनुभव होता है और उस शारीरिक स्थिति में स्थिरता पूर्वक अधिक देर तक सुखपूर्वक रहा जा सकता है, उस स्थिति विशेष को आसन कहते हैं। योगसूत्र में विभिन्न 84 शारीरिक क्रियाओं को आसन में शामिल किया जाता है।
4. **प्राणायाम :** प्राणायाम का अर्थ प्राणों का आयाम अर्थात प्राणों का विस्तार। श्वास को अंदर लेना, अंदर रोक कर रखना तथा छोड़ना, प्राणायाम में आता है।
5. **प्रत्याहार :** प्रति + आहार मिलकर प्रत्याहार बनता है। योग में प्रत्याहार का शाब्दिक अर्थ है ''इन्द्रियों को उनके आहार विषयों से विमुख कर देना है। लौकिक सुख और इच्छाओं को समाप्त कर अपना मन एकाग्रचित्त करना प्रत्याहार कहलाता है।
6. **धारणा :** किसी श्रेष्ठ कर्म को मन में धारण कर उसकी अभिप्राप्ति हेतु किया जाने वाला प्रयत्न, धारणा कहलाता है।
7. **ध्यान :** अंतरात्मा के साथ अपने मन को इस तरह केन्द्रित कर देना जिससे संसार के किसी क्रियाकलाप का उस पर प्रभाव न पड़े।
8. **समाधि :** ध्यान की उच्च अवस्था को समाधि कहते हैं। जब साधक, ध्येय वस्तु (जिसका वह ध्यान कर रहा है) के ध्यान में पूरी तरह से डूब जाता है और उसे अपने अस्तित्व का ज्ञान नहीं रहता है तो उसे समाधि कहा जाता है।



योग के लाभः-

1. मन को शांत रखता है।
2. पाचन तंत्र को मजबूत करता है।
3. शरीर, मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित करता है।
4. योग मनुष्य के आलस को दूर भगाने में सहायता करता है।
5. योग करने से ऊर्जा में वृद्धि होती है।
6. योग करने से चेहरे की सौंदर्यता में भी वृद्धि होती है।
7. मनुष्य के मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करता है।
8. योग चिंता, तनाव से राहत दिलाता है।
9. रक्त के प्रवाह को संतुलित रखता है।
10. ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ाता है।
11. मोटापा दूर करता है।
12. योग से नकारात्मकता दूर होती है।
13. शरीर शक्तिशाली महसूस करता है।
14. योग से मांसपेशियों के लचीलेपन में सुधार होता है।
15. योग करने से हमारा शरीर निरोगी रहता है।
16. योग मन को शांति प्रदान करता है।
17. आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है।
18. योग मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।

योग का जीवन में महत्व

अब तक के विवरण से यह स्पष्ट है कि शरीर को स्वस्थ स्थिति में लाकर ही योग किया जा सकता है तथा योग के विभिन्न अंग व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

मन, आत्मा व शरीर इन तीनों अवयवों को एक कर देना, उनमें एकता स्थापित कर देना ही योग है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रारम्भ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सतत् प्रयासों से हुआ। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में योग के महत्व को बताया था जिसके बाद साल के सबसे लम्बे दिन **21 जून को ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस''** के रूप में मनाया जाने लगा है।




हव./मंत्रा., **प्रभात कुमार झा**
81 बटा., केरिपुबल, तेलंगाना

जीवन को बदलने वाली सड़क दुर्घटनाएँ

"Speed Thrills But Kills"

सनातन धर्म के ग्रन्थों में अनेक जगहों पर यह उल्लेख मिलता है, कि मानव शरीर बहुत अनमोल है तथा यह पूर्व जन्मों में किये गये बहुत से अच्छे कार्य अथवा पुण्य के फलस्वरूप किसी को प्राप्त होता है। इसलिए इतने यत्नों से प्राप्त इस शरीर को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाये रखना भी मानव की जिम्मेदारी है। परन्तु आज की इस तेज भागती दुनिया में इतना समय भी किसी के पास नहीं है, कि वह सड़क पर चलते समय स्वयं के शरीर के अंगों को किस तरह से बचाकर चलें, इसके बारे में एक पल के लिए भी सोचें। आज प्रत्येक मनुष्य दूसरे से आगे निकलना चाहता है, चाहे वह जिन्दगी का सफर हो या सड़क का सफर हो। हर कोई एक अंतहीन रेस का हिस्सा बन चुका है। इसका परिणाम यह है कि सड़क पर लगभग



90 प्रतिशत मौतें तेज गति, ओवटेकिंग और खतरनाक ड्राईविंग के फलस्वरूप होती हैं। सड़क पर वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही सड़क हादसों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। आज ज्यादातर लोगों के घर में कार, बाईक या अन्य दो पहिया वाहन हैं। जैसा कि मैनें पूर्व में कहा आज प्रत्येक मनुष्य दूसरे को पीछे छोड़ देना चाहता है, इसी का एक परिणाम यह भी है कि अब लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के बजाय निजी वाहन रखना ज्यादा पसंद करते हैं। इसलिए सड़क यातायात बढ़ रहा है और सड़क हादसों में साल–दर–साल वृद्धि होती चली जा रही है।

